## स्वच्छता के दावे फैल, नगर निगम की अनदेखी से बदहाल है शहर के सार्वजनिक शौचालय

# स्वच्छता के दावों की बदबू से दम तोड़ता शहर

# सार्वजनिक शौचालय बने बीमारी और भ्रष्टाचार के अड्डे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाड़ा

शहर को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाने के बड़े-बड़े दावे करने वाला प्रशासन जमीनी हकीकत से कितना दूर है, इसका सबसे बदबूदार और शर्मनाक उदाहरण छिंदवाड़ा के सार्वजनिक शौचालय हैं। पूरे शहर में फैले सार्वजनिक शौचालय और पेशाब घरों की स्थिति न सिर्फ दयनीय है, बल्कि आमजन के स्वास्थ्य के साथ खुला खिलवाड़ भी है। हालात इतने बदतर हो चुके हैं कि इन शौचालयों में जाना मजबूरी नहीं, बल्कि एक जोखिम बन गया है।चाहे छिंदवाड़ा जिला अस्पताल हो, या फिर राजीव गांधी बस स्टैंड, मानसरोवर कॉम्प्लेक्स, सांसद कार्यालय के सामने स्थित शौचालय, बैल बाजार के काली चौक के पास का सार्वजनिक शौचालय—हर जगह एक ही कहानी, गंदगी, बदबू और अव्यवस्था। टाउन हॉल के पीछे और पोला ग्राउंड के स्टेज के पास बने शौचालयों की हालत तो ऐसी है कि वहां से गुजरना भी लोगों को नाक बंद करने पर मजबूर कर देता है।







### न सफाई, न निगरानी, न जिम्मेदारी

इन शौचालयों में नियमित सफाई का पूरी तरह अभाव है। फर्श पर जमी गंदगी, टूटे नल, बहता गंदा पानी, टूटी सीटें और उखड़ी हुई टाइलें इस बात का सबूत हैं कि यहां न तो सफाई कर्मी नियमित आते हैं और न ही किसी अधिकारी को इसकी परवाह है। बारिश के मौसम में हालात और भी भयावह हो जाते हैं, जब शौचालयों की गंदगी बहकर सड़कों तक पहुंच जाती है। इससे संक्रमण और बीमारियों का खतरा कई गुना बढ़ जाता है।सबसे गंभीर सवाल यह है कि जब नगर पालिका निगम की जिम्मेदारी है कि इन शौचालयों की नियमित सफाई और रखरखाव हो, तो फिर यह बदहाली क्यों? क्या सफाई के लिए नियुक्त कर्मचारी सिर्फ कागजों में मौजूद हैं? क्या सफाई के नाम पर जारी होने वाले लाखों रुपये के बिल सिर्फ फाइलों में ही साफ-सुथरे दिखते हैं?



### पानी नहीं, तो सफाई कैसे?

अधिकांश सार्वजनिक शौचालयों में पानी की उपलब्धता भी एक बड़ी समस्या है। कहीं नल सूखे पड़े हैं, तो कहीं टंकियां खाली रहती हैं। बिना पानी के शौचालय का उपयोग करने के बाद गंदगी फैलना स्वाभाविक है। यदि नगर निगम के अधिकारी नियमित रूप से पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करें, तो काफी हद तक हालात सुधर सकते हैं। लेकिन जब निरीक्षण ही नहीं होगा, तो सुधार की उम्मीद किससे की जाए?

### सुलभ इंटरनेशनल भी सवालों के घेरे में

सुलभ इंटरनेशनल द्वारा संचालित सार्वजनिक शौचालयों को लेकर भी गंभीर शिकायतें सामने आ रही हैं। नियमों के अनुसार 5 में शौचालय उपयोग की सुविधा दी जानी चाहिए, लेकिन हकीकत यह है कि आमजन से मनमानी वसूली की जा रही है। कहीं 10, तो कहीं नहाने और शौचालय उपयोग के नाम पर 20 से 50 तक वसूले जा रहे हैं।यह खुली लूट है। आम आदमी अपनी तात्कालिक जरूरत के कारण बहस नहीं कर पाता और मजबूरी में पैसे देकर खुद को ठगा हुआ महसूस करता है। सवाल 5 या 10 का नहीं है, सवाल नियमों के पालन का है। जब तय दरें हैं, तो फिर मनमानी क्यों?

### स्वास्थ्य अधिकारी और प्रशासन की चुप्पी

नगर पालिका निगम के स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मालवी से जब इस संबंध में चर्चा की गई, तो उन्होंने स्वीकार किया कि स्वच्छता सर्वेक्षण के समय ही व्यवस्थाएं दुरुस्त की जाती हैं। टीम के जाते ही सब कुछ फिर से पुराने हाल में लौट आता है। इसका सीधा मतलब है कि काम सिर्फ कागजों और दिखावे के लिए होता है, जमीन पर नहीं।यह स्वीकारोक्ति अपने आप में प्रशासन पर एक बड़ा सवाल खड़ा करती है। क्या स्वच्छता सिर्फ सर्वेक्षण तक सीमित है? क्या आम नागरिक की रोजमर्रा की परेशानी कोई मायने नहीं रखती?

### भ्रष्टाचार बनाम जनता का स्वास्थ्य

स्वच्छ भारत अभियान के तहत लाखों रुपये खर्च किए जाते हैं। नगर निगम हर साल सफाई के नाम पर भारी बजट दिखाता है। लेकिन अगर शहर का एक भी सार्वजनिक शौचालय पूरी तरह साफ, सुरक्षित और नियमों के अनुरूप नहीं है, तो यह पैसा आखिर जा कहां रहा है?यह सिर्फ लापरवाही नहीं, बल्कि सुनियोजित भ्रष्टाचार का मामला है। अधिकारी निरीक्षण नहीं करते, कर्मचारी मनमानी करते हैं, ठेकेदार घटिया काम करते हैं और आम जनता भुगतती है—बीमारियों, बदबू और अपमान के रूप में।

### समाधान संभव है, बस इच्छा

शक्ति चाहिएअगर वरिष्ठ अधिकारी नियमित निरीक्षण करें, सफाई कर्मचारियों की जवाबदेही तय हो, ठेकेदारों पर सख्त कार्रवाई हो और पानी की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, तो हालात सुधर सकते हैं। साथ ही सुलभ इंटरनेशनल जैसे संगठनों पर भी सख्त निगरानी जरूरी है, ताकि तय दरों से ज्यादा वसूली न हो।



### घटिया निर्माण, जल्दी खराबी और ठेकेदारों की मिलीभगत

शहर में बने अधिकांश सार्वजनिक शौचालय घटिया निर्माण सामग्री से तैयार किए गए हैं। नतीजा यह है कि एक-दो साल में ही टाइलें टूट जाती हैं, सीटें खराब हो जाती हैं, नल बंद हो जाते हैं और फर्श उखड़ने लगती है। साफ है कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता से ज्यादा कमीशन को प्राथमिकता दी गई। ठेकेदारों और अधिकारियों की मिलीभगत का खामियाजा आम जनता भुगत रही है।प्रश्न यह भी है कि क्या शौचालयों के निर्माण के बाद उनके रखरखाव की जिम्मेदारी ठेकेदार की नहीं होती? और यदि होती है, तो क्या वे अपनी नैतिक और संवैधानिक जिम्मेदारी निभा रहे हैं? जवाब साफ है—नहीं।



### इनका कहना है

सार्वजिनक शौचालयों में सेनेटरी पैड की व्यवस्था अभी फेल चल रही है। स्वच्छता सर्वेक्षण की टीम जब आती है तो मशीन ठीक कर ली जाती है। मरीजों के पास चिल्लर नहीं होने के कारण उनसे दस रूपया और बीस रूपए की वसूली हो जाती है।

**अनिल मालवी, स्वास्थ्य अधिकारी**
**नगर निगम छिंदवाड़ा**

सार्वजनिक शौचालयों के लिए सुलभ इंटरनेशल के मुख्यालय से दरें निर्धारित की गई है। हमारी कोशिश होती है कि पांच रूपए में सुविधा उपलब्ध कराई जाए। वर्तमान में जो गंदगी दिख रही है उसे जल्द से जल्द साफ करने का कार्य किया जाएगा।

**संजय झा, इंचार्ज अधिकारी**
**सुलभ इंटरनेशनल शौचालय छिंदवाड़ा**



---

# 9 वाहनों पर 74,250 रूपये की चालानी कार्यवाही की गई

**छिन्दवाड़ा।** परिवहन आयुक्त ग्वालियर एवं कलेक्टर हरेंद्र नारायन द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में परिवहन विभाग के विशेष जांच दल द्वारा आज छिंदवाड़ा-बैतूल मार्ग पर संचालित यात्री वाहनों एवं अन्य वाहनों की सघन जांच की गई। अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी छिन्दवाड़ा श्री अनुराग शुक्ला ने बताया कि वाहनों की जांच में यात्री वाहनों के दस्तावेजों जैसे- वाहनों के परमिट, फिटनेस, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र एवं वाहन चालक के वैध लाइसेंस आदि की जांच की गई। साथ ही मालवाहनों में ओवरलोडिंग की भी जांच की गई। जांच के दौरान वाहन क्रमांक एमपी 28 पी 0568 (स्कूल बस) को बिना बीमा, परमिट एवं बिना पीयूसी संचालित पाये जाने पर जप्त कर पुलिस चौकी सांवरी में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया है। अन्य कार्यवाही में मोटरयान अधिनियम के तहत कमियां पाये जाने पर 09 वाहनों पर 74,250 रूपये की चालानी कार्यवाही कर राजस्व प्राप्त किया गया। साथ ही वाहन संचालकों /चालकों को समझाईश दी गई कि मोटरयान अधिनियम 1988 के प्रावधानों का उल्लंघन पाये जाने पर विधि अनुसार कठोर कार्यवाही की जायेगी तथा यात्री बसों के संबंध में उन पर आच्छादित अनुज्ञा पत्र को निरस्त करने की कार्यवाही की जायेगी।

# भारतीय कपास निगम सीसीआई की मनमानी

**सौंसर मंडी में किसानों के पसीने की कमाई पर डाका**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

कृषि उपज मंडी सौसर में इन दिनों कपास उत्पादक किसान दोहरी मार झेल रहे हैं। एक ओर प्रकृति की बेरुखी और दूसरी ओर भारतीय कपास निगम के अधिकारियों की कथित मनमानी ने किसानों की कमर तोड़ दी है। ताजा मामला किसानों से प्रति क्विंटल 2 से 3 किलो कपास की अवैध कटौती का सामने आया है, जिससे क्षेत्र के किसानों में भारी आक्रोश है।

किसानों के साथ में किया जा रहे धोखे को लेकर गुरुवार को ब्लॉक किसान कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व सरपंच दिलीप गुरुवे कांग्रेस नेता सुभाष ठाकरे ने कृषि उपज मंडी सचिव हरिदास इरपाची को ज्ञापन सौंप कर व्यवस्था में तत्काल सुधार करने की मांग हैं। कांग्रेस नेता श्री गुरुवे ने आगे बताया किपिछले 3-4 दिनों से क्षेत्र के किसान लगातार शिकायत कर रहे थे कि सीआईआई के अधिकारी कपास खरीदी के दौरान प्रति क्विंटल पर 2 से 3 किलो की कटौती (काट) कर रहे हैं।

इस गंभीर शिकायत को मंडी प्रशासन को ज्ञापन सौंप कर कार्रवाई करने की है। चर्चा के दौरान मंडी सचिव ने स्पष्ट किया कि कृषि उपज मंडी के नियमों में इस तरह की किसी भी कटौती का कोई प्रावधान नहीं है। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि पहले भी एक किसान की शिकायत पर उन्होंने सीसीआई अधिकारियों को ऐसी अवैध कटौती न करने के कड़े निर्देश दिए थे।सचिव के सख्त निर्देश के बावजूद, सीसीआई के अधिकारी अपनी मनमानी से बाज नहीं आ रहे हैं। किसानों का आरोप है कि उनकी मेहनत की कमाई को 'काट' के नाम पर लूटा जा रहा है।

सवाल यह उठता है कि जब मंडी के नियमों में कटौती मान्य नहीं है, तो सीसीआई के अधिकारी किसके संरक्षण में किसानों का शोषण कर रहे हैं। किसान पहले ही लागत और कम भाव से परेशान है, उस पर सीसीआई द्वारा प्रति क्विंटल 2-3 किलो की कटौती करना सरासर अन्याय है। हम किसानों के हक की लड़ाई लड़ेंगे और इस अवैध वसूली को तुरंत बंद होनी चाहिए।

कांग्रेस नेताओं ने स्पष्ट रूप से कहा है कि यदि सीसीआई के अधिकारी अपनी इस कार्यप्रणाली में सुधार नहीं करता है, तो किसान संगठन और क्षेत्र के किसान उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। प्रशासन को चाहिए कि वह तुरंत हस्तक्षेप कर किसानों को न्याय दिलाए।

## मनमाने तरीके से नपा दमुआ में की गई भर्ती और जांच के डर से कुछ को काम से कर दिया बन्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ

न.पा. दमुआ में नियम विरूद्ध तरीके से वर्ष 2024 में 18 कर्मचारियो को भर्ती कर काम पर रखा लिया गया था और 1 वर्ष के बाद 18 कर्मचारियों मे से 7 कर्मचारियो को मार्च 2025 से काम से बंद कर दिया गया जिसमें से 11 कर्मचारी आज भी न.पा. दमुआ में काम कर रहे है जबकि सांठगांठ तरीके से भर्ती किये गये 7 बंद किये गये कर्मचारियों का कहना है कि हम लोगो को क्यो काम से बंद किया गया है यदि भर्ती किया गया था तो हमे भी कार्य पर बने रहने देना था यदि हमे काम से बंद किया गया था तो सभी को काम से बंद करना था काम से बंद किये गये 7 मजदूरो ने लिखित शिकायत न.पा. दमुआ के अधिकारी सहित जिला कलेक्टर छिन्दवाडा और सी.एम हेल्प लाईन पर भी शिकायत की गई है। सोचनीय विषय है कि उन 7 कर्मचारियों का क्या दोष है जिन्हे काम से बंद किया गया है। जबकि इस तरह का खेल नगर पालिका दमुआ में लम्बे समय से चल रहा है यदि सूक्ष्मता से जांच की जाये बडा फर्जीवाडा निकलकर सामने आ सकता है।

## जन अभियान की समितियों द्वारा ग्राम-ग्राम में चलाया जा रहा जन-जागरूकता अभियान

**पांढुर्णा।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद पांढुर्णा जिला समन्वयक अखिलेश जैन के निर्देशानुसार विकासखण्ड समन्वयक दिलीप आठनेरे की उपस्थिति में गठित ग्राम प्रस्फुटन समिति मारूड़ में जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। बैठक में सदस्य श्री राजा राऊत ने कहा कि छोटे-छोटे सामाजिक बदलाव से अच्छे कार्य किए जा सकते हैं। सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन को मिले, इसमें प्रस्फुटन समिति सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका है। विकासखंड समन्वयक ने नशा मुक्ति पर अपने विचार व्यक्त किए और ग्राम विकास से लेकर समाज विकास के अनेक मुद्दों पर चर्चा की।

# दो नग वन्यप्राणी सांभर के शव बरामद

**वनविभाग की टीम ने की कार्यवाही, चारों आरोपियों को किया गिरफ्तार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिछुआ



मुखबिर से सूचना प्राप्तु हुई की बंधान बीट कक्ष क्रमांक 1408 में 02 नग सांभर मृत अवस्था में पडे हैं। सूचना प्राप्ता होते ही परिक्षेत्र अधिकारी कुंभपानी द्वारा दल गठित कर बंधान बीट के आसपास के क्षेत्र में छानबीन कर बंधान बीट के कक्ष क्रमांक 1408 में मृत 02 नग वन्यप्राणी सांभर के शव बरामद किये।

वन्य प्राणी चिकित्सक पेंच टाईगर रिजर्व सिवनी एवं पशु चिकित्सक अधिकारी बिछुआ द्वारा 02 नग सांभर के शव का परीक्षण करने उपरांत निर्धारित प्रकिया अनुसार उपसंचालक महोदय, अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि की उपस्थिति में शवदाह किया। दिनांक 25/02/2026 को डॉग स्वाय ड दल के साथ घटना स्थ्ल के आसपास के खेतो में सर्च के दौरान दुलारी बाई के खेत में बिजली के तार एवं लकडी की कुछ खुटियां लगी हुई मिली। कुछ ही दूरी पर मनेश सर्राठी खेत की तरफ आ रहा था जो कि वन विभाग के कर्मचारियों को देखकर भागने लगा जिसे पकडकर पूछताछ किये, पूछताछ में इन्होने बताया कि मैंने एवं ग्राम बच्चाकुही निवासी मेहतर सिरसाम ने दुलारी बाई के खेत में विद्युत करंट लगाकर 02 सांभर का शिकार किया हैं। मनेश की निशानदेही पर मेहतर सिरसाम को पकडकर पूछताछ के लिए लाया गया। पूछताछ में मेहतर सिरसाम द्वारा मनेश सर्राठी के साथ मिलकर 02 नग सांभर का शिकार करना कबूल किया। दोनो आरोपियों से आमने सामने पूछताछ की गई, पूछताछ में दोनो ने बताया कि हमारे साथ शिकार करने में दो और व्यक्ति हैं जिनके नाम क्रमशः दुर्योधन सर्राठी एवं सूरजलाल कुडोपे ग्राम बंधानमाल के हैं। दिनांक 26/02/2026 को दुर्योधन सर्राठी एवं सूरजलाल कुडोपे को पकडकर पूछताछ कर उक्त चारो आरोपियो के विरूद्ध वन्यनजीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धाराओ के तहत कार्यवाही की जा रही हैं।

**पटवारी ने पंचनामा तैयार करते हुए अधिकारियों को कराया अवगत**

# मोहरली चौक से निगम की टीम ने अतिक्रमण किया ध्वस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

वार्ड क्रमांक 9, खेरी भोपाल क्षेत्र में शासकीय भूमि पर बनाए गए अवैध मकानों के विरुद्ध निगम अमले ने पुलिस प्रशासन के साथ संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए निर्माणों को ध्वस्त कर दिया।

जानकारी के अनुसार मोहराली चौक से लहगुड़वा जाने वाले मार्ग पर पहाड़ी मद की जमीन पर कब्जा कर कुछ लोगों द्वारा मकानों का निर्माण कर लिया गया था। मामले की शिकायत मिलने के बाद राजस्व विभाग एवं नगर निगम विभाग द्वारा स्थल निरीक्षण किया गया, जिसमें निर्माण अवैध पाए गए।



पटवारी ने पंचनामा तैयार करते हुए अधिकारियों को अवगत कराया था इसके पश्चात नियमानुसार संयुक्त कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान तहसीलदार, नगर निगम के सहायक यंत्री एवं मुख्यालय प्रभारी ब्रजेश पांडेय सहित निगम का अमला मौजूद रहा। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल भी तैनात रहा।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शासकीय भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और भविष्य में भी ऐसी कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

## प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत ब्याज सब्सिडी योजना से सस्ते होम लोन

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत भारत सरकार द्वारा संचालित ब्याज सब्सिडी योजना (आईएसएस) निम्न एवं मध्यम आय वर्ग के परिवारों के लिए है। योजना का उद्देश्य किफायती आवास को बढ़ावा देना और पात्र परिवारों को होम लोन पर ब्याज में सब्सिडी प्रदान कर घर का सपना साकार करने में सहयोग देना है। सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (**EWS**), निम्न आय वर्ग (**LIG**) तथा मध्यम आय वर्ग (**MIG**) के परिवार इस योजना का लाभ उठा सकेंगे। पात्र हितग्राहियों को होम लोन पर 4 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सब्सिडी प्रदान की जा रही है। योजना का लाभ उन परिवारों को मिलेगा जिनकी वार्षिक पारिवारिक आय 9 लाख रुपये तक है। पात्र लाभार्थी अधिकतम 25 लाख रुपये तक के आवास ऋण पर सब्सिडी प्राप्त कर सकते हैं, जबकि मकान की अधिकतम कीमत 35 लाख रुपये निर्धारित की गई है। साथ ही, आवास का अधिकतम कार्पेट एरिया 120 वर्ग मीटर तक हो सकता है। ब्याज सब्सिडी का अधिकतम वास्तविक लाभ 1.80 लाख रुपये तक सीमित रहेगा, जबकि नेट प्रेजेंट वैल्यू (**NPV**) के आधार पर यह राशि अधिकतम 1.50 लाख रुपये तक होगी। सब्सिडी की राशि सीधे लाभार्थी के ऋण खाते में समायोजित की जाती है।

### आगामी त्यौहारों शांति पूर्वक मनाने शांति समिति की बैठक का किया आयोजन

# सद्भाव से त्यौहार मनाने बैठक में हुआ विचार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ

पुलिस थाना दमुआ प्रागंण में दिनांक 26 फरवरी दिन गुरूवार को रमजान ईद होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक रखी गई थी, बैठक में मुख्य रूप से मुस्लिम सामुदाय के लोग गणमान्य नागरिक धार्मिक संगठन के पदाधिकारी समाज सेवी राजनैतिक पार्टी के पदाधिकारी जनप्रतिनिधि नगर पालिका पार्षदगण अधिकारी पत्रकार बंधु सहित प्रषासनिक अधिकारियों में माननीय नायब तहसीलदार मोहित बोरकर जी, थाना प्रभारी दमुआ श्री प्रमोद सिंग सिरसाम, बिजली विभाग दमुआ के कनिष्ठ यंत्री श्री रतनदीप सिन्हा विषेष रूप से उपस्थित रहें, जहां रमजान, ईद एवं होली पर्व को मनाये जाने को लेकर शासन के गाईड लाईन के अनुसार दिषा निर्देषो का पालन करते हुये त्यौहारो को शांति एवं भाईचारे के साथ सादगी पूर्वक त्यौहार मनाये जाने को लेकर दिषा निर्देष दिये गये। आगामी त्यौहार रमजान , होली एवं रंग पंचमी पर्व को शांति एवं सौहार्द रूप से मनाने हेतु दिशा निर्देश –

01. होली और रमजान त्यौहार सभी लोग व धर्मावलंबी शांति पूर्वक मनायेंगे । 02. होली के त्यौहार में किसी व्यक्ति के साथ जोर जबरदस्ती कर रंग नही लगायेंगें । 03. सडक पर चलने वाले आम आदमी पर रंग व पानी या गंदगी नही फेकेंगे और न ही परिवार के बच्चो कोऐसा करने देंगें । 04. त्यौहार के दौरान गंदे कपडे व पानी बिजली के तारो पर नही फेकेंगे । 05. सार्वजनिक स्थलों पर शराब का सेवन नही करेंगें न करने देंगे । 06. शराब पीकर वाहन नही चलायेंगे न ही नशे मे किसी को वाहन चलाने देंगे । 07. सार्वजनिक स्थल व धार्मिक पूजा स्थलो पर गंदगी नही फैलायेंगे व उनकी स्वछता का ध्यान रखेंगें । 08. अपशब्दो हूटिंग , गाली गलौच , तेज आवाज(असहनीय ध्वनि) वाले यंत्रो का उपयोग नही करेंगे । 09. सोशल मीडिया में भडकाऊ पोस्ट नही करेंगे न ही उनको शेयर लाईक या कमेंट करेंगे । ग्रुप एममिन तत्काल ऐसे पोस्ट को डिलीट करेंगे । 10. समूह के रूप मे नवयुवकों / आवारा तत्वों द्वारा तेज गति व सामूहिक रूप से वाहन रैली प्रतिबंधित रहेगी । 11. महिला व बच्चो को सुरक्षित रूप से त्यौहार मनाने का महौल प्रदान करने का दायित्व सभी का रहेगा । 12. त्यौहारो के दौरान संप्रदायिक सौहार्द बनाये रखना व महौल खराब करने वाले आसामिजक तत्वों कीतत्काल सूचना पुलिस को दी जायेगी ।

## विश्व शांति महायज्ञ के साथ सिद्धचक्र महामंडल विधान संपन्न

**सौसरः** स्थानीय श्री 1008 शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में धर्म-प्रभावनार्ध आयोजित सिद्धचक्र महामंडल विधान एवं मूलवेदी-मानस्तंभ शिलान्यास पूजन का समापन बुधवार को अत्यंत हर्षोल्लास और आध्यात्मिक ऊर्जा के साथ हुआ। आयोजन में प्रमुख रूप से विधायक विजय चौरे ने उपस्थित होकर मुनि श्री का आशीर्वाद प्राप्त करते हुए सफल आयोजन के लिए आयोजन कमेटी को बधाई दी।पट्टाचार्य श्री 108 विशुद्धसागर जी महाराज के सुयोग्य शिष्य मुनि श्री 108 सुप्रभ सागर जी महाराज एवं मुनि श्री 108 प्रणत सागर जी महाराज के मंगल सानिध्य में समूचा नगर जिनवाणी की भक्ति में सराबोर रहा।अनुष्ठान के अंतिम दिन प्रातः काल से ही धार्मिक क्रियाओं का क्रम प्रारंभ हुआ। सुबह 6 बजे भगवान शांतिनाथ का अभिषेक और नित्य पूजन के पश्चात श्रावकों ने इंद्र-इंद्राणी के स्वरूप में विश्व शांति महायज्ञ में आहुतियां अर्पित कीं। मंत्रोच्चार की मंगल ध्वनियों के बीच जगत के कल्याण और प्राणीमात्र के सुख की मंगल कामना की गई।आयोजन में मुनि संघ के सानिध्य में श्रीजी (भगवान) को भव्य विमान में विराजमान कर नगर भ्रमण (शोभायात्रा) निकाली गई। यह



यात्रा सिविल लाइन, रेलवे चौकी, भवानी माता मंदिर, बस स्टैंड और बाजार चौक होते हुए पुनः जैन मंदिर पहुंची। मार्ग में स्थान-स्थान पर श्रद्धालुओं ने पाद-प्रक्षालन और आरती कर मुनिराजों का आशीर्वाद लिया। मंदिर आगमन पर मुनिराज के सानिध्य में श्रीजी का शांति मंत्रों के साथ अभिषेक संपन्न हुआ। समाज अध्यक्ष यू.सी. जैन ने बताया कि मंदिर जीर्णोद्धार के अंतर्गत मूलवेदी और मानस्तंभ का निर्माण कार्य प्रगति पर है।आयोजन में विधायक विजय चोरे व्यापारी संजय राठी, नपा उपाध्यक्ष विनोद जूनघरे, पार्षद भारत तरारे, रविशंकर धुर्वे, बापू ठाकरे, दर्शन झाड़े, सुभाष गुप्ता सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने मुनि श्री का आशीर्वाद लिया।

## महिलाओं को धमकाते हैं अवैध शराब विक्रेता



**पांढुर्णा।** आज विकासखंड के ग्राम बोरगांव के नशामुक्ति महिला मंडल के सदस्यों ने कलेक्टर पांढुर्णा को ग्राम अवैध कच्ची शराब के आसानी से उपलब्ध होने की शिकायत की है। महिला मंडल ने अपनी शिकायत में अवैध कच्ची शराब बेचनेवाले ग्रामीणों के नाम का स्पष्ट उल्लेख किया है।शिकायत करनेवाली महिलाओं में सागर चिचाम, प्रियंका चिचाम, लेखराम बनारे, चरण सिंगारे, रामू सिंगारे, उज्वल नागवंशी, भावराव नागरवार, त्रिलोक सिंगारे, होमू सिंगारे, संजू लांजेवार, राजकुमार मर्सकोले और शामिल है। महिला मंडल ने आरोप लगाया है कि आरोपी महुआ की कच्ची शराब बनाते बनाकर गांव में विक्रय करते है, जिससे गांव की स्थिति खराब हो रही है। लोग शराब पीकर घर आकर परिवार के अन्य सदस्यों से विवाद करते है। नव युवक अधिक पीते है जिसका प्रभाव किशोर बच्चों पर पड़ता है। यही बच्चे गांव में आतंक फैलाते है। इस प्रकार शराब के सेवन से हमारा घर बरबाद हो रहा है। महिला मंडल ने अपनी शिकायत में कहा कि शराब विक्रेता और उनके परिवार की महिलाएं हमें धमकी देते हैं। शराब विक्रेता यह काम छोड़ने के ऐवज में अपने परिवार के पालन-पोषण और बच्चों की शिक्षा का खर्चा मांगते हैं। महिलाओं ने गांव में यह कच्ची शराब बनाने और विक्रय पर रोक लगाकर अवैध धंधे को बंद कराने ने की मांग की है।

## आबकारी दल ने 1500 किलो लाहन किया नष्ट



**पांढुर्णा।** होलिका दहन पर्व को देखते हुए सहायक आज आबकारी विभाग पांढुर्णा के दल ने आज 26 फरवरी को ग्राम घोघरी, राजना एवं रैयतवाडी के नदी नालों में बन रहे कच्ची शराब के अड्डों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु दबिश देकर 1500 किलो महुआ लाहन बरामद कर नष्ट किया। यह कारवाई आयुक्त भीम राव वैद्य के निर्देश पर हुई। आबकारी विभाग ने मामला कायम कर विवेचना में लिया है। उपरोक्त कार्यवाही में आबकारी उप निरीक्षक एवं वृत्त प्रभारी नरेंद्र कुमार नागेश, आबकारी आरक्षक मुकेश रहांगडाले, श्रद्धा राहंगडाले ओर बड़चीचोली चौकी से ओम वीर जाट उपस्थित रहे।

## सत्यम शिवम कॉलोनी में संगीतमय सुंदरकांड का महापाठ

**छिंदवाड़ा।** श्री सुंदरकांड ग्रुप छिन्दवाड़ा द्वारा श्री भगवती प्रसाद तिवारी के सत्यम शिवम कॉलोनी छिंदवाड़ा,तहसील व जिला छिन्दवाडा मध्यप्रदेश में संगीतमय सुंदरकांड का महापाठ गया,इसी तरह कई वर्षों से निरंतर ग्रुप के माध्यम से सनातन धर्म से जोड़ने का कार्य किया जा रहा हैं। इस अवसर पर ग्रुप के प्रमुख अधिवक्ता शुभम कसार,अक्षय ठाकुर,अंश पटेल,कैलाश उइके,पलक उईके,अनय कसार,प्रदीप भारती,कमलेश सूर्यवंशी,परमजीत सिह,संतोष वंशकार,रानू साहू,वंश झरवड़े,अंकित शर्मा,शिव सिकन्दरपूरे,सचिन साहू,रंजीत साहू,विक्की नोथानी,सागर स्वर्णकार,प्रणय सातनकर,शिवांश चौधरी,गोविंद चौधरी,पिल्ली पटेल,लक्ष्य कहार,दशरथ वर्मा,उमेश वंशकार,जित्तू यादव,सोनू जी,जय चंद्रवंशी,संग्राम नागवंशी,सुंनु वंशकार,प्रवीन तिवारी,प्रशांत तिवारी,प्रतीक चोवितकर,राहुल बातरे,दिलीप चौधरी,साहिल मालवीय,दशरथ वर्मा,शुभम डेहरिया,रनवीर मालवीय,प्रहलाद पटेल,राजेश बुनकर,अर्जुन ठाकुर,दीपक यादव,पप्पू वंदेवार,बलराम वंदेवार,आदेश मिश्रा,दुर्गेश चंदेल,राहुल निर्मलकर,नीरज विश्वकर्मा,अहम यादव,दिवाकर मालवीय,अभिषेक ठाकुर,हर्षित पटेल,शिवा पटेल,शेंकी पटेल,नयन पटेल जी,गौरब पटेल,चंचलेश मालवीय,सुमित सुहागपुरे,अंकित वसूले,मनोहर रघुवंशी,हर्षित साहू,नितेश नागवंशी,अनित साहू,विनय सानोडिया एवं समस्त तिवारी परिवार के साथ साथ समस्त वार्डवासी उपस्थित रहे।

# होली त्यौहार के मद्देनजर शांति समिति की बैठक संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

पुलिस थाना प्रांगण में आगामी प्रमुख त्योहारों—होली को दृष्टिगत रखते हुए शांति समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में एसडीओपी (**SDOP**) नगर निरीक्षक, राजस्व विभाग के अधिकारी, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर , विद्युत विभाग सहित नगर के गणमान्य नागरिक, भाजपा कांग्रेस के पदाधिकारी नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष उपाध्यक्ष पार्षद मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक के दौरान पुलिस और प्रशासन ने आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए रूपरेखा साझा की। एसडीओपी महोदय ने स्पष्ट किया कि त्योहारों के दौरान हुड़दंग करने वालों और सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरें फैलाने वालों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। प्रशासन ने सभी समुदायों से अपील की कि होली के उल्लास को आपसी प्रेम और सद्भाव के साथ मनाएं। त्योहार के दौरान सुचारू यातायात और निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया। डीजे बजाने के समय और अन्य वैधानिक दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करने की हिदायत दी गई। बैठक में उपस्थित शांति समिति के सदस्यों और प्रबुद्ध नागरिकों ने भी अपने सुझाव रखे। प्रशासन ने आश्वासन दिया कि त्योहारों के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहेंगे और हर छोटी-बड़ी गतिविधि पर पुलिस बल तैनात रहेगा। पिछली बैठक से प्रशासन ने लिया सबक विगत दिनों महादेव मेले को लेकर की गई शांति समिति की बैठक में पत्रकारों व आम नागरिकों के द्वारा विधानसभा के उच्च अधिकारियों की अनुपस्थिति को लेकर चर्चा की गई थी जिसका असर इस शांति समिति की बैठक में देखने को मिला इसमें नगर के सभी विभाग के उच्च अधिकारी शामिल हुए।

## श्रीमती सावित्रीबाई डोंगरे का निधन

**सौंसर।** ग्राम रंगारी ठोका निवासी श्रीमती सावित्रीबाई शामराव डोंगरे का सोमवार को आकस्मिक निधन हो गया है। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। बुधवार को रगारीं में निवास स्थान से अंतिम यात्रा निकालकर अंतिम संस्कार श्री-क्षेत्र कन्हान नदी के पावन तट पर किया गया।इस दौरान बड़ी संख्या में समाज बंधुओ ने अंतिम यात्रा में उपस्थित होकर 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की है।दिवंगत श्रीमती सावित्रीबाई अपने पीछेपुत्र भास्कर डोंगरे,प्रभाकर डोंगरे, जीवन डोंगरे के साथ भरापुरा परिवार छोड़ गए हैं।

## घोटी स्कूल को मिली बाउंड्रीवाल, स्टॉफ ने जताई राहत



### जनपद सदस्य सरस्वती बारेकर ने किया भूमिपूजन; गंदगी-जमावड़े की समस्या होगी खत्म

हरिभूमि न्यूज लांजी।

लांजी जनपद पंचायतअंतर्गत ग्राम घोटी (नन्दौरा), में 25 फरवरी को जनपद की 15वीं वित्त से शासकीय माध्यमिक शाला घोटी के लिए पहली बार ₹4,00,000 की राशि बाउंड्रीवाल निर्माण हेतु मंजूर हुई। भूमिपूजन जनपद सदस्य श्रीमती सरस्वती तुकाराम बारेकर ने किया। स्कूल स्टॉफ ने उन्हें लगातार अवगत कराया था कि एक ही परिसर में माध्यमिक और प्राथमिक शाला संचालित होने से गाड़ियों, मवेशियों और आवारा कुत्तों का आना-जाना लगा रहता है। चपरासी न होने से गोबर-कचरा फैलता है, और बारिश में गड्ढे-पानी भराव की समस्या रहती है। बाउंड्रीवाल से परिसर सुरक्षित होकर ये परेशानियाँ दूर होंगी।कार्यक्रम में सरपंच श्रीचंद कमड़े, उपसरपंच राजेश्वर दादरे, महामंत्री तुकाराम बारेकर और स्कूल स्टॉफ उपस्थित रहे।

## पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह का किरनापुर में कांग्रेसियों ने किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज किरनापुर।

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के गद्दार नेता दिग्विजय सिंह का डोंगरगढ़ से प्रस्थान कर किरनापुर पहुंचने पर पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष सुश्री हिना कावरे के निज निवास सोनपुरी पहुंच कर नव विवाहित भाई पंकज एवं वधु को आशीर्वाद दिया। साथ ही कावरे परिवार एवं क्षेत्रीय कांग्रेसी प्रतिनिधियों से भी मुलाकात की। सर्वप्रथम कावरे चौक में

स्व. लिखीराम कावरे की समाधि स्थल पर पुष्प माला अर्पित कर साथ ही जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बैहर विधानसभा संजय उयके उन्होंने बताया कि राज्यसभा सांसद दिग्विजयसिंह किरनापुर से प्रस्थान कर वारासिवनी जहां कांग्रेसियों की बैठक आहूत की गई है।

किरनापुर में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं से संवाद पर पार्टी पदाधिकारी से मिले। श्रीमती पुष्पलता लिखीराम कावरे पूर्व विधायक, सुश्री हिना लिखिराम कावरे पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष श्रीमती अनुभा मुंजारे बालाघाट विधायक, मुकेश चौहान जनपद सदस्य, बोधसिंह भगत पूर्व सांसद, बेणीराम खोटेले पूर्व जनपद अध्यक्ष ,सत्यनारायण शर्मा, गोविंद पटले, यूसुफ पटेल ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष, मुन्नालाल समूने ,अरुण पाराशर, श्रीराम ठाकरे भानेगांव सरपंच ,श्रीमती चेतना अजय कराहें जिला पंचायत सदस्य, श्रीमती मीरा राधेश्याम सिंगनधूपे जिला पंचायत सदस्य, हिम्मतलाल गडवंशी पूर्व जनपद पंचायत उपाध्यक्ष, लक्ष्मण सिंह कराहे,और भी अन्य गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति सराहनीय रही।

### एक माह का वेतन जमा करने व सोमवार को दूसरे माह का वेतन देने का दिया आश्वासन

## 2 माह से नहीं मिला कर्मचारियों को वेतन, कैसे मनायेंगे होली का त्यौहार?

### आक्रोशित कर्मचारियों ने किया हंगामा



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** आर्थिक तंगी से जूझ रही नगरपालिका परिषद वारासिवनी में पिछले 2 महीने का वेतन कर्मचारियों को नहीं दिया गया है, वहीं 2 दिन बाद तीसरा महीना भी समाप्त हो रहा है। जिसके कारण कर्मचारियों में बेहद आक्रोश देखने को मिल रहा है। वेतन नहीं मिलने से नाराज कर्मचारियों ने गुरुवार को सीएमओ सूर्यप्रकाश उके व पार्षदों से वेतन के संबंध में चर्चा की। चर्चा के दौरान सीएमओ श्री उके ने कर्मचारियों को एक माह का वेतन उनके खातों में भेजने की बात कही और दूसरे महीने का वेतन सोमवार तक जमा करने का आश्वासन दिया। लेकिन उनकी इस बात से कर्मचारी संतुष्ट नहीं हुए और उनकी सीएमओ से जमकर बहस हो गई।

उल्लेखनीय है कि नगरपालिका परिषद वारासिवनी के कर्मचारियों को माह दिसम्बर 25 और माह जनवरी 26 के वेतन का आज तक भुगतान नहीं किया गया है। जबकि फरवरी 26 भी दो दिन बाद समाप्त हो जायेगा। 2 माह से वेतन नहीं मिलने से कर्मचारियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। परिषद के कई कर्मचारियों को बाजार से उधारी सामान लेकर और लोगों से कर्जा लेकर अपना घर चलाना पड़ रहा है। पूरे महीने कार्य करने के बावजूद समय पर वेतन नहीं मिलने से कर्मचारियों में पिछले कई दिनों से आक्रोश पनप रहा है।

कर्मचारियों का यह आक्रोश आज नगरपालिका परिसर में फूट पड़ा। आगामी 4 दिनों बाद 2 और 3 मार्च को होली का त्यौहार है, उसके बावजूद भी नगरपालिका द्वारा वेतन का भुगतान नहीं किये जाने से कर्मचारीगण बेहद परेशान है। वह सोच रहे है कि उनकी होली कैसे बीतेगी? इसी सोच के बीच गुरुवार को जब कर्मचारियों ने सीएमओ व पार्षदों से वेतन की मॉग की, तो उन्होंने बताया कि एक माह का वेतन अभी उनके खातों में जमा करवाया जा रहा है और सोमवार को दूसरे महीने का वेतन जमा करवा दिया जायेगा।

### इनका कहना है

चुंगी क्षतिपूर्ति की राशि नहीं आने से वेतन नहीं हो पाया है। अभी हम एक माह का वेतन कर्मचारियों के खाते में डाल रहे थे। लेकिन उनका कहना है कि उनको पूरी 2 माह की वेतन चाहिए। हमने उन्हें सोमवार तक दूसरे माह का वेतन भी डालने का आश्वासन दिया है। राशि की व्यवस्था होते ही कर्मचारियों का पूरा वेतन दे दिया जायेगा।

**सूर्यप्रकाश उके मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगरपालिका वारासिवनी।**

# सेन शक्ति महासंगठन का विरोध प्रदर्शन



### नाबालिग बालिका की हत्या के विरोध में राष्ट्रपति को सौंपा जाएगा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज लांजी।

सेन शक्ति महासंगठन, सेन समाज मध्यप्रदेश जन कल्याण संघर्ष सोचा भारत पिछडा प्रकोष्ठ मप्र0 ने राजस्थान के बिकानेर जिला के रंजितपुरा गाव में हुई नाबालिग बालिका की हत्या के विरोध में प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। संगठन के पदाधिकारी राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपेंगे।

राजस्थान के बिकानेर जिला के रंजितपुरा गाव में एक नाबालिग बालिका की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई थी। वह कक्षा आठवी की परीक्षा देने निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। इस घटना ने पूरे देश को झकझोर कर दिया है। मामले की उच्च स्तरीय व निष्पक्ष जांच कर दोषियों को शीघ्र फासी की सजा दिलाई जाए। पिडित परिवार को पुलिस सरंक्षण एवं मुआवजा प्रदान किया जाए। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शमा से मांग की गई है कि मामले में तत्काल कार्यवाही की जाए। सेन शक्ति महासंगठन के जबलपुर संभाग अध्यक्ष संतोष श्रीवास ने कहा कि यदि मांगें नहीं मानी गई तो राष्ट्रवादी आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन सोपने के लिए संगठन के पदाधिकारी राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपेंगे।

### दुकानदार ने कलेक्टर से लगाई गुहार, सरपंच राशि लेने के बाद नहीं दे रहा दुकान

# डोंगरमाली में शॉपिंग कॉम्पलेक्स निर्माण विवादों में, सरपंच बोला आरोप निराधार

### आज डोंगरमाली पहुॅच सकती है जॉच टीम



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** जनपद पंचायत वारासिवनी अंतर्गत ग्राम पंचायत डोंगरमाली में निर्मित 55 दुकानों के शॉपिंग कॉम्प्लेक्स को लेकर गंभीर अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। इस संबंध में जनसुनवाई में दर्जन भर ग्रामीणों ने एक लिखित आवेदन देकर पूरे प्रकरण की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। इस मामले में सरपंच ने सभी आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि शासकीय राशि से 12 दुकाने निर्माणाधीन हैं, शेष अन्य दुकानें स्वयं दुकानदारों द्वारा बनाई गई है। उनके द्वारा किसी से कोई रकम नहीं ली गई है। इस प्रकरण में कलेक्टर बालाघाट ने जनपद पंचायत वारासिवनी के सीईओ को आवश्यक कार्यवाही करने कहा गया हैं। जिसके परिप्रेक्ष्य में संभवतः शुक्रवार को जॉच टीम ग्राम डोंगरमाली पहुॅच रही है। जो जनसुनवाई में की गई शिकायतों की सुनवाई व जॉच करेगी।

शिकायतकर्ताओं ने बताया गया हैं कि सूचना के अधिकार के तहत प्राप्त जानकारी अनुसार कॉम्प्लेक्स की केवल 6 दुकानें 15 वें वित्त आयोग की राशि से निर्मित की गई हैं। शेष 49 दुकानें शासकीय घास बीड़ भूमि पर बनाई गई हैं। शेष 49 दुकानों के निर्माण के नाम पर पुराने दुकानदारों से प्रति दुकान 4 लाख से 6 लाख रुपये तक की राशि वसूली गई। राशि लेने के बाद पहले रसीद दी गई और बाद में रसीद वापस ले ली गई। इसके अलावा लगभग 10 से 12 पात्र पुराने दुकानदारों को दुकान आवंटित नहीं की गई, जबकि बाहरी व्यक्तियों को दुकानें दे दी गईं। शिकायतकर्ताओं ने शासकीय घास बीड़ भूमि पर बिना विधिवत अनुमति निर्माण किए जाने का आरोप भी लगाया है, जो नियमों का स्पष्ट उल्लंघन माना जा रहा है।

इस मामले में ग्राम डोंगरमाली निवासी अब्दुल समी शेख का कहना था कि बाजार चौक डोंगरमाली में उनके भाई सादिक शेख की वर्षों पुरानी किराना दुकान थी, जिसे सरपंच द्वारा तीन नोटिस जारी कर हटवा दिया गया। अब्दुल समी ने बताया कि उनके भाई को आश्वासन दिया गया था कि 90 दिनों के भीतर उसी स्थान पर नया कॉम्प्लेक्स बनाकर एक लाख इकसठ हजार रुपये लेकर दुकान कमरा आवंटित किया जायेगा। उस पर अपने भाई की सहमति से उनके द्वारा एक लाख इकसठ हजार रुपये की पूरी राशि सरपंच को दे दी गई है, लेकिन उन्हें केवल 60 हजार रुपये की रसीद प्रदान की गई। इतना ही नहीं कॉम्प्लेक्स का निर्माण पूर्ण होने और अन्य दुकानों के आवंटन के बाद भी उन्हें अब तक दुकान आवंटित नहीं की गई है। सरपंच द्वारा अपने बचाव में भ्रामक बयान जारी किए जा रहे है कि मैं अपने भाई की दुकान पर कब्जा करना चाहता हूॅं।

इस पूरे मामले में डोंगरमाली सरपंच मनोज लिल्हारे का कहना है कि बस स्टैण्ड डोंगरमाली के पास में वर्षो से दुकानदारों द्वारा कच्चे भवन में व्यवसाय संचालित किया जा रहा था। हमारे प्रयास से पहले 10 कमरे का पंचायत निधि से और 2 कमरे का जनपद निधि से बनवाने का टी एस करवाया गया है। जिसमें से पंचायत और जनपद निधि के 6 कमरे निर्माण पूर्ण हो गये है और 6 कमरे निर्माणाधीन है। डोंगरमाली में ग्रामीणों की कच्ची दुकाने जर्जर हो चुकी थी।

सरपंच श्री लिल्हारे ने पंचायत द्वारा राशि लेने के आरोपों को निराधार बताते हुए कहा गया कि हमारे द्वारा शासकीय राशि से निर्मित काम्प्लेक्स के कमरों का अभी वितरण नहीं किया गया हैं और ना ही किसी दुकानदार से राशि ली गई हैं। उन्होंने शिकायतकर्ता अब्दुल समी के बारे में कहा कि उनकी कोई दुकान बाजार चौक डोंगरमाली में पूर्व में नहीं थी, वर्तमान में वह वारासिवनी में निवासरत हैं। उनके द्वारा कोई भी पैसा का लेन-देन नहीं हुआ हैं।

## खबर संक्षेप



### कांग्रेस महासचिव अविनाश पांडे का सिवनी प्रवास हुआ

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं उत्तर प्रदेश के प्रभारी अविनाश पांडे का आज संक्षिप्त सिवनी प्रवास हुआ।

श्री पांडे के सिवनी सर्किट हाउस आगमन पर जिला कांग्रेस कमेटी सिवनी के अध्यक्ष नरेश मरावी वरिष्ठ कांग्रेस नेता मोहन सिंह चंदेल अतुल मालू विष्णु करोसिया विनोद नामदेव एवम आजम खान दीवान ने पुष्प हार से उनका भाव पूर्ण स्वागत किया।

तदोपरांत पुरानी पेंशन बहाली आंदोलन से जुड़े कर्मचारी संगठन द्वारा उन्हें एक ज्ञापन सौंपा गया। इसके बाद उन्होंने अपने व्यक्तिगत मित्र पवन मालू के निवास पर पहुंच कर सौजन्य भेंट किया। श्री पांडे रात्रि 9 बजे गांधी चौक शुक्रवारी बाजार पहुंचे जहां पर सुभद्रा कुमारी चौहान स्मृति मंच कलबोड़ी जिला सिवनी द्वारा आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। यहां यह विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि श्री पांडे राजनेता के साथ साथ कवि प्रदीप फाऊंडेशन नागपुर के अध्यक्ष भी हैं। इसके माध्यम से वे साहित्यिक गतिविधियों से भी जुड़े हैं।



### नन्हे रोज़ेदार अज़लान ने जीता सबका दिल

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पवित्र रमज़ान माह के दौरान जहां बड़े-बुजुर्ग और युवा पूरी श्रद्धा से रोज़े रख रहे हैं, वहीं एक नन्हे बच्चे ने भी अपने हौसले और आस्था से सबका दिल जीत लिया। मात्र 5 साल के अज़लान ने इस वर्ष पहला रोज़ा रखकर परिवार और आसपास के लोगों को आश्चर्यचकित कर दिया। अज़लान सुबह सहरी के समय अपने माता-पिता के साथ उठे और पूरे उत्साह के साथ रोज़े की शुरुआत की। दिनभर उन्होंने बिना किसी शिकायत के रोज़ा रखा और शाम को इफ्तार के समय पूरे परिवार के साथ रोज़ा खोला। इतनी छोटी उम्र में रोज़ा रखने की उनकी लगन और धैर्य देखकर परिवार के सदस्य गर्व से भर उठे। अज़लान के पिता सादिक खान ने बताया कि बच्चे ने खुद रोज़ा रखने की इच्छा जताई थी। पहले तो परिवार ने उसे समझाने की कोशिश की, लेकिन उसकी जिद और उत्साह को देखकर उन्हें उसकी हिम्मत बढ़ानी पड़ी। दिनभर अज़लान ने नमाज़, दुआ और अच्छे कामों में समय बिताया। मोहल्ले के लोगों ने भी अज़लान की सराहना करते हुए उसे दुआएं दीं और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कई लोगों ने कहा कि इतनी कम उम्र में धार्मिक आस्था और अनुशासन का यह उदाहरण अन्य बच्चों के लिए भी प्रेरणा है। रमज़ान के इस पाक महीने में अज़लान का यह कदम एक मिसाल बन गया है, जो यह दिखाता है कि सच्ची नीयत और हिम्मत हो तो उम्र कोई मायने नहीं रखती।

# कलेक्टर श्रीमती पटले ने साइबर तहसील सेवाओं को प्रभावी बनाने के दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



कलेक्टर शीतल पटेल की अध्यक्षता में बुधवार 25 फरवरी को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व विभाग की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलेभर के राजस्व न्यायालयों में दर्ज प्रकरणों की स्थिति, उनके निराकरण की प्रगति तथा लंबित मामलों के कारणों की विस्तार से समीक्षा की गई।

कलेक्टर श्रीमती पटले ने माह फरवरी में दर्ज एवं निराकृत प्रकरणों की न्यायालयवार समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि नामांतरण, बंटवारा एवं सीमांकन से संबंधित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने पंजीकृत एवं लंबित प्रकरणों की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए कहा कि राजस्व प्रकरणों के निराकरण में अनावश्यक विलंब किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। सभी राजस्व अधिकारियों को समय-सीमा का कड़ाई से पालन करने और नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में प्राकृतिक आपदा से हुई क्षति के राहत प्रकरणों की अनुभागवार समीक्षा भी की गई। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि पात्र हितग्राहियों को समय पर राहत राशि उपलब्ध कराना प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि लंबित प्रकरणों का त्वरित निराकरण कर शत-प्रतिशत मामलों में नियमानुसार सहायता प्रदान की जाए, ताकि प्रभावित परिवारों को समय पर राहत मिल सके।

कलेक्टर श्रीमती पटले ने साइबर तहसील सेवाओं को प्रभावी बनाने, स्वामित्व योजना के कार्यों में गति लाने तथा फार्मर रजिस्ट्री के कार्य को समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही राजस्व वसूली में तेजी लाने के लिए तहसीलवार लक्ष्य निर्धारित कर नियमित समीक्षा करने को कहा गया। रबी फसल की गिरदावरी तय समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि गिरदावरी की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि किसानों को योजनाओं का लाभ सही समय पर मिल सके।

बैठक में मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना एवं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के लाभान्वित हितग्राहियों की ई-केवाईसी, बैंक खाते की आधार से लिंकिंग तथा लंबित प्रकरणों के निराकरण की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पात्र किसानों को योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु विशेष अभियान चलाकर शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया जाए।

बैठक में अपर कलेक्टर सी.एल. चनाप, सुश्री सुनीता खंडायत सहित सभी अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार एवं संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत शिविर का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

शासन के निर्देशानुसार नगर पालिका परिषद सिवनी द्वारा नगर के उर्दू स्कूल प्रांगण सिवनी में संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत शिविर का आयोजन प्रातः 11 बजे से सायं 05 बजे तक किया गया जिसमें नगरपालिका परिषद सिवनी की मूलभूत सुविधाओं का लाभ नागरिकों को प्रदाय किया गया। जो कि जानकारी निम्नानुसार है:- कानूनी बाध्यता के कारण आय प्रमाण पत्र प्रदाय करना. 26 कानूनी बाध्यता के कारण स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र जारी करना, 9 इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, 2 अदेय ड्यूज प्रमाण पत्र, 162 मांग.पत्र अनुसार राशि जमा करने पर नवीन नल कनेक्शन प्रदान करना, 12 अविवादित संपत्ति का नामांतरण, मृत्यु प्रकरणद्ध भवन नामान्तरण, 2 योजना आर्थिक एवं सांख्यकी विभाग 35 कुल योग 24 उक्त शिविर में नगर पालिका सिवनी के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## निर्मित शाम्भवी माता के भव्य गेट का लोकार्पण



**केवलारी।** समीपस्थ ग्राम बगलई में नगर के व्यापारी किसान कृषि केंद्र के संचालक चेमन सिंह बघेल ने पिछले वर्ष चौत्र नवरात्रा मे जगराता कार्यक्रम में ग्राम बगलई में घोषणा किया था कि श्री माता काली धाम के मुख्य द्वार का गेट का निर्माण में स्वयं के व्यय से करवाऊंगा। दिये गये वचन पर उन्होंने लाखो की लागत से भव्य गेट का निर्माण करवाया ।जिसका लोकार्पण दिनांक 26 फरवरी 2026 को प्रसिद्ध कथा वाचक पंडित संदेश जी महाराज एवं पंडित प्रदीप पचौरी के द्वारा विधीवत वैदिक मंत्रोच्चार व पूजन कर चेमन सिंह बघेल ने फीता काटकर लोकार्पित किया। लोकार्पण के पश्चात माता खेरापति की पूज कर आशीर्वाद लिया इस पुनीत पावन अवसर पर रमाशंकर महोबिया वरिष्ट पत्रकार, अरुण चौरसिया पूर्व अध्यक्ष जल उपभोक्ता संस्था,पुरुषोत्तम बघेल पार्षद वार्ड क्रमांक 8, जगदीश बघेल मलारी,संजय बघेल बोथिया, चंद्रकुमार चंदु बघेल बगलई सहित गांव की महिला एवं पुरुष की उपास्तिथी थी।

### श्री शत चडी महायज्ञ एवं श्रीमद्भागवत कथा शोभायात्रा के साथ शुभारंभ



**केवलारी -** ग्राम बगलई के काली धाम मंदिर परिसर में सार्वजनिक श्रीमद् भागवत कथा एवं श्री शत चंडी महायज्ञ का आयोजन दिनांक 26 /2/2026 से 4 मार्च 2026 दिन बुधवार तक वैदिक मंत्रोच्चारो से कथा व्यास पंडित संदेश जी महाराज काली धाम के मुखारविंद से एवं पंडित प्रदीप पचौरी के सानिध्य महायज्ञ का आयोजन सुबह 8रू00 बजे से 12रू00 बजे तक एवं कथा दोपहर 2 वजे से 5 वजे तक होगी ।

### मनुश्री तिवारी ने कंपनी सेकेट्री ऑफ इंडिया की परीक्षा में सफलता प्राप्त की



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी नगर के भैरोगंज व वर्तमान में विजयनगर जबलपुर निवासी श्रीमती मीनाक्षी-मनोज तिवारी की सुपुत्री कु. मनुश्री तिवारी ने कंपनी सेकेट्री ऑफ इंडिया की परीक्षा में सफलता प्राप्त की है।

बीएसएनएल विभाग डिंडोरी में डिविजनल इंजीनियर के पद में पदस्थ मनोज तिवारी की सुपुत्री मनुश्री की इस सफलता पर उनके सभी शुभचिंतकों ने बधाई, शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।



### शिवम ठाकुर ने एनएमएमएस परीक्षा में सिवनी का नाम किया रोशन

राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा में नागपुर में किया शानदार प्रदर्शन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** राष्ट्रीय स्तर की एनएमएमएस (नेशनल मीन्स-कम-मेरिट स्कॉलरशिप) परीक्षा में सिवनी के मेधावी छात्र शिवम ठाकुर ने अव्वल स्थान हासिल कर जिले का नाम रोशन किया। नागपुर में आयोजित परीक्षा में शिवम ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। उनकी इस उपलब्धि के पीछे कठिन परिश्रम और शिक्षकों का मार्गदर्शन भी महत्वपूर्ण रहा।

विशेष रूप से कुर्वेज स्कूल, नागपुर की शिक्षिका विद्या घोटेकर ने शिवम को विषयवार तैयारी, समय प्रबंधन और अभ्यास पर निरंतर मार्गदर्शन दिया। शिवम पहले भी अपनी प्रतिभा का परिचय दे चुके हैं। वे शतरंज में राज्य स्तर तक पहुंचकर पुणे में आयोजित प्रतियोगिता में भाग ले चुके हैं। पढ़ाई और खेल दोनों क्षेत्रों में संतुलन बनाते हुए उन्होंने यह उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है। बता दे शिवम ठाकुर महाराज बाग, भैरोगंज निवासी जोगेश ठाकुर के पुत्र है। परिजनों का कहना है कि शिवम नियमित अध्ययन और अनुशासन को अपनी सफलता का मंत्र मानते हैं। शिवम की इस उपलब्धि से जिले के अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिली। शिक्षकों, मित्रों और परिजनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

14 अप्रैल बाबासाहेब अंबेडकर जयंती की छुट्टी हुई बंद

## बसपा ने की घोर निंदा, छुट्टी बहाल नहीं होने पर जिले में किया जाएगा आंदोलन

**हरिभूमि न्यूज छब्बी लाल कमलेशिया सिवनी**

जिला प्रभारी डी एल बकोडे के द्वारा बताया गया कि जिला कलेक्टर सिवनी के पत्र दिनांक 5 जनवरी 2026 के आदेश 3616 कार्यालय कलेक्टर सिवनी के द्वारा महिला एवं बाल विकास जिला सिवनी को दिया गया है जिसमें भारत सरकार के निर्देशानुसार वार्षिक कैलेंडर जारी किया गया है जिसमें 14 अप्रैल को बाबा साहब अंबेडकर जयंती की छुट्टी नहीं दी गई है जिसके कारण जिला में भारी रोष व्याप्त देखा जा रहा है एवं अंबेडकरवादियों में भी भारी रोज व्याप्त है क्योंकि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी की छुट्टी नहीं मिलने के कारण बसपा का जन्म हुआ और सरकार द्वारा पुनः इसका इस तरह से बाबा साहब अंबेडकर का अपमान करना न्याय उचित नहीं है एवं छुट्टी घोषित न करना अति नींदनीय है और जिला इकाई बसपा इसकी घोर निंदा करती है और छुट्टी बहाल नहीं होने पर जिले में किया जाएगा विशाल आंदोलन।

### दो ट्रकों की आमने-सामने टक्कर

**सिवनी** जिले के छपारा थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर रणधीरनगर के पास बुधवार देर रात दो ट्रकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में एक ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। जानकारी के अनुसार, एक ट्रक जबलपुर की ओर से आ रहा था और दूसरा सिवनी की ओर जा रहा था। रणधीरनगर गांव के समीप पहुंचने पर दोनों चालकों ने कथित तौर पर संतुलन खो दिया, जिससे यह टक्कर हुई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों ट्रकों को नुकसान पहुंचा। हादसे के कारण कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित घायल चालक की पहचान अरविंद यादव (40) के रूप में हुई है। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने तत्काल छपारा पुलिस को सूचना दी।

## दो दिवसीय राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का भव्य समापन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** शासकीय विधि महाविद्यालय, सिवनी में लोककल्याणकारी राज्य के निर्माण में संवैधानिक व्यवस्था एवं मूल्यों के महत्व विषय पर आयोजित द्वि-दिवसीय राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का मंगलवार को सफल समापन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों ने संविधान की मूल भावना, लोकतांत्रिक मूल्यों तथा सामाजिक न्याय की अवधारणा पर विस्तार से विचार व्यक्त किए।



वक्ताओं ने कहा कि लोककल्याणकारी राज्य केवल कानूनों के निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि नागरिकों के जीवन स्तर को ऊँचा उठाने, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास और रोजगार जैसी मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति सुनिश्चित करने का दायित्व भी निभाता है। संविधान में निहित आदर्शों और मूल्यों को व्यवहार में उतारना ही सशक्त राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है।

संगोष्ठी में देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं संस्थानों से आए शोधार्थियों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। तकनीकी सत्रों में संवैधानिक प्रावधानों, सामाजिक न्याय, शासन व्यवस्था की पारदर्शिता और डिजिटल युग में विधि के बदलते स्वरूप जैसे विषयों पर गहन चर्चा हुई। विशेषज्ञों ने शोधार्थियों को गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों एवं प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। आयोजन समिति ने सभी अतिथियों, शोधार्थियों और प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। संगोष्ठी के समापन अवसर पर यह संकल्प लिया गया कि संविधान के मूल्यों के संरक्षण और संवर्धन के लिए शैक्षणिक एवं सामाजिक स्तर पर सतत प्रयास किए जाएंगे।

### विधायक दिनेश राय मुनमुन प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान मे हुए सम्मिलित

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** गुरुवार, दिनांक 26/02/2026 को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी क्षेत्र मे आयोजित भव्य प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान एवं भाजपा सांगठनिक गतिविधियों मे सम्मिलित हुए। आज भाजपा विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सीलादेही मे स्थित द्वारकाधीश मंदिर मे आयोजित भव्य प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान मे सपत्नीक सहभागिता कर मंदिर मे विराजमान श्री राधा किशन जी के श्रद्धापूर्वक दर्शन-पूजन किया। तथा क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामनाएं किया। इस पावन अवसर पर विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी ने परम पूज्य जगतगुरु शंकराचार्य द्वारका शारदा पीठाधीश्वर स्वामी श्री सदानंद सरस्वती जी की पावन आध्यात्मिक उपस्थिति मे उनके चरणों शीश नवाकर मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया। धार्मिक कार्यक्रम के पश्चात विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी बारापत्थर स्थित जिला भाजपा कार्यालय पहुंचे। जहां पर आपने संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन जी की गरिमामय उपस्थिति मे नवनियुक्त ऊर्जावान जिला कार्यकारिणी पदाधिकारियों एवं सदस्यगणों से भेंटकर उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं प्रेषित किया। इस दौरान पदाधिकारियों द्वारा आपका शाल श्रीफल व स्मृति चिन्ह देकर आत्मीय स्वागत व सम्मान किया गया।

# रात के अंधेरे में गौवंश ठूंसकर नागपुर कत्लखाने ले जा रहा था ट्रक! सिवनी पुलिस ने फिल्मी अंदाज़ में पकड़े तस्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

**जिले में गौ-वंश तस्करी के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए कोतवाली पुलिस ने एक बड़ी और साहसिक कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस ने 1 फरवरी 2026 की रात नागपुर के कत्लखाने ले जाए जा रहे 39 गौवंश को मुक्त कराते हुए फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। एक अन्य आरोपी की तलाश अब भी जारी है।**

इस पूरी कार्रवाई ने जिले में गौ-वंश तस्करी के नेटवर्क पर बड़ा प्रहार किया है। पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के निर्देश पर जिले में गौवंश तस्करी और अवैध परिवहन के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा और एसडीओपी सचिन परते के मार्गदर्शन में कोतवाली थाना प्रभारी सतीश तिवारी के नेतृत्व में टीम सक्रिय थी। दिनांक 01/02/2026 की रात्रि गश्त के दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि बंडोल की ओर से एक 12 चक्का ट्रक में गौवंश को क्रूरतापूर्वक ठूंस-ठूंसकर भरकर नागपुर स्थित कत्लखाने ले जाया जा रहा है।

**सिमरिया पुलिया से शुरू हुआ फिल्मी पीछा**

सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस ने ग्राम सिमरिया पुलिया के पास नाकाबंदी की। जैसे ही संदिग्ध कंटेनर (क्रमांक एमपी 09 एचजी 3058) दिखाई दिया, पुलिस ने उसका पीछा शुरू किया। पुलिस को देखकर ट्रक चालक और उसके साथी घबरा गए। आरोपियों ने एक गौवंश को रास्ते में छोडक़र ट्रक को तेज रफ्तार में नरेला से पुसेरा होते हुए अमरवाड़ा रोड की ओर भगा दिया। निकटवर्ती थाना लखनवाड़ा और चौरई पुलिस की मदद से ट्रक का पीछा जारी रखा गया और आखिरकार छिंदवाड़ा रोड, ग्राम समसवाड़ा (थाना चौरई) के पास आरोपी ट्रक खड़ा कर अंधेरे का फायदा उठाकर खेतों की ओर भाग निकले।

**ट्रक से बरामद हुए 39 गौवंश, क्रूरता की हद पार**

जब पुलिस ने ट्रक की तलाशी ली तो अंदर का दृश्य दिल दहला देने वाला था। कुल 38 गौवंश ट्रक के डाले में गर्दन, मुंह और पैरों को रस्सियों से बेरहमी से बांधकर ठूंसे हुए मिले। इसके अलावा एक गौवंश को रास्ते में छोड़ा गया था, जिससे कुल संख्या 39 हो गई। पुलिस ने मौके पर विधिवत कार्रवाई करते हुए सभी गौवंश को मुक्त कराया और ट्रक को जब्त कर लिया।

**फरार आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजे गए**

प्रकरण की विवेचना के दौरान कोतवाली पुलिस ने फरार आरोपियों की तलाश तेज की। 21 फरवरी 2026 को दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

गिरफ्तार आरोपीः मो. साजिद खान (40 वर्ष), निवासी संजय वार्ड, सिवनी, महेन्द्र बारापात्रे (34 वर्ष), निवासी विनोबा भावे नगर, नागपुर (महाराष्ट्र) तीसरे आरोपी समद खान की तलाश अभी भी जारी है।

**इन पुलिस कर्मियों की रही सराहनीय भूमिका**

इस सफल कार्रवाई में निरीक्षक सतीश तिवारी के साथ सउनि जयदीप सेंगर, प्र.आर. मुकेश गोडाने, मनोज पाल, आरक्षक सिद्धार्थ दुबे, प्रदीप चौधरी, सुधीर डहेरिया, मुकेश चौरिया, सौरभ ठाकुर, विसराम धुर्वे, इरफान, सतीश इनवाती और प्रतीक बघेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**गौ-वंश तस्करी पर सख्त संदेश**

जिला पुलिस का स्पष्ट संदेश है कि गौवंश तस्करी और अवैध परिवहन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। लगातार कार्रवाई से तस्करों के नेटवर्क पर शिकंजा कसता जा रहा है। सिवनी पुलिस की इस कार्रवाई से न केवल 39 गौवंश की जान बची, बल्कि तस्करी के अवैध कारोबार में शामिल लोगों को कड़ा संदेश भी गया है।

# जिले में दलहन-तिलहन फसलों के क्षेत्र विस्तार के साथ ही विविधीकरण पर दिया जा रहा जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

सिवनी जिले में कृषक कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत दलहन एवं तिलहन फसलों के क्षेत्र विस्तार के साथ-साथ कृषि विविधीकरण को बढ़ावा देकर किसानों की आय में वृद्धि के व्यापक प्रयास किए जा रहे हैं। कृषि विभाग द्वारा योजनाबद्ध रणनीति के तहत रबी वर्ष 2025-26 में तिलहनी फसलों के रकबे में उल्लेखनीय वृद्धि का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

उपसंचालक कृषि एस के धुर्वे ने बताया कि रबी सत्र में सरसों फसल का रकबा गत वर्ष के 15,000 हेक्टेयर से बढ़ाकर 20,000 हेक्टेयर करने की कार्ययोजना बनाई गई है। वहीं अलसी फसल का रकबा 5,500 हेक्टेयर तक विस्तारित करने का लक्ष्य रखा गया है। जिले में नई तिलहनी फसल के रूप में सूरजमुखी को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है तथा लगभग 200 हेक्टेयर क्षेत्र में विभाग द्वारा बीज वितरण कर किसानों को सूरजमुखी की खेती के लिए प्रेरित किया गया है।

उन्होंने बताया कि रबी 2025-26 के लिए सरसों फसल के लगभग 1600 हेक्टेयर क्षेत्र में फसल प्रदर्शन हेतु बीज वितरण किया गया है, जबकि वेल्यू चेन पार्टनर योजना अंतर्गत 1943 हेक्टेयर क्षेत्र के लिए बीज उपलब्ध कराया गया है। इसी प्रकार अलसी फसल के क्षेत्र विस्तार के लिए 504 हेक्टेयर में फसल प्रदर्शन एवं 122 हेक्टेयर में वेल्यू चेन पार्टनर के माध्यम से बीज वितरण किया गया है।

सहायक संचालक प्रफुल घोड़ेश्वर ने बताया कि ग्रीष्मकालीन फसलों में भी विविधीकरण को प्रोत्साहित करते हुए मूंग के स्थान पर मूंगफली एवं तिल की खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके लिए लगभग 4,000 हेक्टेयर क्षेत्र के लिए मूंगफली का बीज तथा 500 हेक्टेयर के लिए तिल का बीज किसानों को वितरित किया जा रहा है।

दलहन फसलों के विस्तार के लिए भी किसानों को निरंतर प्रेरित किया जा रहा है। वही केवलारी एवं सिवनी विकासखंड के ग्राम मलारी के विवेक बघेल, ग्राम मैरा के अमित, ग्राम लोपा के श्री संदेश, ग्राम झगरा के सत्यप्रकाश सहित अन्य कृषकों द्वारा लगभग 30 एकड़ क्षेत्र में राजमा की खेती की जा रही है, जो जिले में कृषि विविधीकरण की दिशा में एक सकारात्मक पहल है।

कैसे स्कूल चले हम, स्कूल जाने वाले मार्ग पर भर जाता है पानी

# ग्राम पंचायत साल्हे में विकास की खुली पोल, थोड़ी सी बारिश में सड़कों में भरा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

**बरघाट। चुनाव आते ही स्थानीय जनप्रतिनिधि बड़े बड़े वादे करते है और चुनाव जितने के बाद विकास के नाम पर किए वादे केवल जुमले तक ही सिमट है जाते है। इसका उदाहरण सिवनी जिले के बरघाट के साल्हे गांव मे देखने को मिला है**



गत 24 फरवरी 2026 को अचानक हुई बारिश से गांव के अंदर मुख्य मार्ग पर सडक़ पर पानी भरा हुआ है बारिश होते ही इस मार्ग जलभराव हो जाता है। पानी और कीचड़ से सनी सडक़ लोगो के लिए मुसीबत बनी हुई है गांव के बच्चे भी इसी मार्ग से स्कूल आना जाना करते है। शासन स्कूल चले हम का नारा देती है लेकिन साल्हे गांव की कीचड़ से सनी सडक़ देख, बच्चे कह रहे है कैसे स्कूल चले हम, शासन गांव गांव सडक़ बनाने करोड़ों रुपए खर्च रही है लेकिन योजनाएं कागज तक ही सिमट कर रह गई है।

थोड़ी सी बारिश से कीचड़ ने तब्दील होता मार्गः शासन चाहे लाखों, करोड़ों रुपए खर्च करे लेकिन जमीनी दावे केवल कागज तक ही सीमित है। जनपद पंचायत बरघाट के ग्राम पंचायत साल्हे कोसमी गांव में स्कूल रास्ता कीचड़ से सना हुआ है। इतना ही नहीं जिस मार्ग पर बारिश का पानी भर जाता है वह मार्ग पंचायत भवन मार्ग है। ग्राम पंचायत भवन के पास मुख्य पर पानी भरने से लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। साल्हे गांव में बनी अव्यवस्थाओं से स्थानीय जनप्रतिनिधि के वादों की पोल खुलती दिख रही।

# वन्य प्राणी तेंदुए ने युवक पर किया प्राणघातक हमला







हरिभूमि न्यूज कटंगी।

दक्षिण सामान्य वन मंडल बालाघाट के वन परिक्षेत्र कटंगी के ग्राम बालापुर बीसापुर में वन्य प्राणी तेंदूए ने गांव के भीतर घुसकर एक युवक पर प्राण घातक हमला कर घायल कर दिया है। घटना बुधवार की देर शाम करीब साढ़े 08 बजे के आस-पास की है। इस घटना के बाद गांव में वन्य प्राणी की दहशत और वन विभाग के प्रति आक्रोश का माहौल देखने को मिल रहा है। स्थानीय ग्रामीणों के मुताबिक वन्य प्राणी तेदुआ घटना को अंजाम देने के बाद अब भी गांव के भीतर एक बाड़ी में छिपा हुआ है। जिसके चलते करीब 200 लोगों ने बाड़ी को घेर लिया है। जिनके हाथ में लकड़ी के डंडे है। इस घटना के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने वन रक्षक से भी मारपीट की है। प्राप्त जानकारी अनुसार 28 वर्षीय दिनेश कुमार उइके पर वन्य प्राणी तेदूंए ने हमला किया। दिनेश ने बताया कि वह खाना खाने के बाद घर के पीछे बाड़ी में गया जहां अचानक से उस पर वन्य प्राणी ने हमला कर दिया। ग्रामीणों के मुताबिक बीते कुछ दिनों से वन्य प्राणी को गांव के भीतर देखा जा रहा था जिसकी सूचना वन विभाग को भी दी गई थी। वन विभाग ने ग्रामीणों का सर्तक और सावधान रहने की सलाह देते हुए कुछ आवश्यक उपाए भी सुझाए थे बावजूद इसके वन्य प्राणी ने गांव के भीतर घुसकर युवक पर हमला कर घायल कर दिया। घटना के बाद संजीवनी 108 ईएमटी डॉ गौरीशंकर पटले और पायलट जयेश चौहान जो घटना के वक्त बीसापुर के आस-पास किसी इवेंट पर गए हुए थे उन्होंने घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया। कटंगी अस्पताल में घायल युवक को प्राथमिक उपचार प्रदान किया गया है।

### चहलकदमी से गांव में दहशत

इस घटना के बाद गुरूवार को वन विभाग ने दोपहर साढ़े 03 बजे शाम 06 बजे के बीच गांव में विशेष मुनादी करवाई है। प्रशिक्षु आईएफएस जितेन्द्र कुमार और वन परिक्षेत्र अधिकारी बी.एल.चढ़ार के निर्देशन पर वन विभाग ने टीम ने पूरे गांव की गश्ती की और ध्वनि विस्ताकर यंत्र के जरिए ग्रामीणों को सर्तक रहने की अपील की गई है। वन विभाग ने ग्रामीणों को शाम के वक्त जंगल के नजदीक तक ना जाने और मवेशी को अंधेरा होने से पहले घरों में लाने, घरों के सामने प्रकाश व्यवस्था बनाएं रखने और छोटे पालतू मवेशियों को सुरक्षित स्थान पर बांधकर रखने की हिदायत दी है। वन कर्मचारियों ने छोटे बच्चों को शाम के वक्त और रात्रि में अकेले घर से बाहर ना निकलने दे ऐसी जनमानस से अपील की है। ग्रामीणों से कहा गया है कि वह सुबह जल्दी उठकर खेत या जंगल की ओर ना जाए। महुआ फूल का सीजन शुरू होते ही फूल चुनने अंधेरे में ना जाए। ग्रामीणों का इस तरह का सहयोग ही वन्य प्राणी और मानव के बीच होने वाले द्वंद को रोक सकता है।

# ट्रैफिक सिग्नल में सुधार की मांग, वाहन चालकों को हो रही है परेशानी

## यातायात प्रभारी ने कहा शीघ्र होगा समाधान



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

**बालाघाट शहर में यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए नगरपालिका द्वारा लगाए गए ट्रैफिक सिग्नल की टाइमिंग से लोग परेशान हैं। गलत टाइमिंग के कारण वाहनों के बीच टक्कर जैसी स्थिति बन रही है।**

मोती नगर की ओर से आने वाले वाहन चालकों के अनुसार, रेड लाइट की टाइमिंग लगभग 2 मिनट है, जबकि ग्रीन लाइट सिर्फ 30 सेकंड के लिए रहती है। इससे वाहन चालकों को काफी देर तक इंतजार करना पड़ता है। वाहन चालक समीर ने बताया कि रेड और ग्रीन लाइट के समय को समायोजित किया जाना चाहिए। स्टेडियम होते हुए एलआईसी चौक से निकलने वाले और काली पुतली चौक से आने वाले वाहनों के बीच सिग्नल खुलने पर टक्कर की आशंका बनी रहती है। इससे पहले तत्कालीन नपा कार्यकाल में काली पुतली चौक और हनुमान चौक पर लगाए गए ट्रैफिक सिग्नल एक महीने बाद ही बंद हो गए थे। जिसकी टाइमिंग को लेकर अब समस्या आ रही है। यातायात प्रभारी यीना राहंगडाले ने इस समस्या को स्वीकार किया है। उन्होंने बताया कि एलआईसी और जयस्तंभ चौक के साथ-साथ हनुमान चौक से काली पुतली चौक के ट्रैफिक छूटने के दौरान ऐसी स्थिति बन रही है। इस समस्या को ठीक करने के लिए 5 से 7 सेकंड की टाइमिंग सेट करनी होगी।

राहंगडाले ने बताया कि उन्होंने नपा से इस संबंध में चर्चा की है। नपा ने सूचित किया है कि ट्रैफिक सिग्नल की टाइमिंग को सॉफ्टवेयर से बदलने के लिए उपकरण 5-6 दिनों में आने वाला है, जिसके बाद इस समस्या का समाधान कर लिया जाएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि दो मिनट तक ट्रैफिक रोकने की टाइमिंग मुख्य रूप से मोतीनगर से आने वाले ट्रैफिक पर लागू होती है, और अन्य मार्गों पर भी इसकी जांच की जाएगी।

# डीजल, टायर, सबमर्सिबल पंप सहित चोरों को पुलिस ने दबोचा

### 2.50 लाख का सामान जब्त



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

**बालाघाट जिले में पुलिस ने चोरी के तीन अ ल ग - अ ल ग मामलों का खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से करीब ढाई लाख रुपये का चोरी का सामान जब्त किया गया है।**

ग्रामीण थाना प्रभारी अमित अग्रवाल ने बताया कि 24 फरवरी को खुरसोड़ी निवासी दिलीप बनोटे और नैतरा निवासी कमलेश उर्फ कमलकिशोर बनोटे ने अपनी ऑटो पार्ट और पंचर दुकान से बाइक के चार टायर चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसी दौरान कोसमी निवासी मुकेश माहुले ने अपने ट्रक से डीजल चोरी होने की शिकायत की थी। जांच के दौरान पुलिस ने टायर चोरी मामले में किरनापुर थाना क्षेत्र के मौदा निवासी अभिषेक कुथे (19) को पकड़ा। वहीं डीजल चोरी के मामले में कोतवाली थाना क्षेत्र के बैहर चौकी निवासी शेख हासिम (21) और रोहित उर्फ हरेश भुरे (20) को गिरफ्तार किया गया। तीसरा मामला लामता थाना क्षेत्र का है। ढुटी निवासी खुमराज राहंगडाले ने अपने पंप हाउस का ताला तोड़कर सबमर्सिबल पंप चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी।

इस मामले में लामता थाना प्रभारी नितिन पटले के नेतृत्व में जांच की गई। जांच के बाद मोतगांव निवासी सुकदेव हिरवाने (30) को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से चोरी किए गए तीन सबमर्सिबल पंप बरामद किए गए। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी का सामान, दो स्कूटी और एक मोटरसाइकिल भी जब्त की है। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया है। पुलिस का कहना है कि आगे की जांच जारी है।

# रेलवे वेस्टर्न जोन मुंबई में जूनियर इंजीनियर के पद पर समर्थ ढेंगरे ने कार्यभार ग्रहण किया

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले के एक ओर होनहार बेटे इंजीनियर समर्थ(बाबी) ढेंगरे का भारतीय रेल विभाग वेस्टर्न जोन मुंबई में जूनियर इंजीनियर के पद पर चयन हुआ है, यहा चयन के बाद की सारी औपचारिकता पूर्ण कर 17 फरवरी को उन्होंने अपने पद का प्रभार संभाल लिया है। बता दें कि समर्थ की प्रारंभ शिक्षा मेथोडिस्ट मिशन इंग्लिश स्कूल,10,12 वी बालाघाट इंग्लिश स्कूल,नागपुर के रायसोनी कालेज में इंजीनियरिंग में बीई एवं GET की परीक्षा उत्तीर्ण कर IIT दिल्ली से एम टेक (मेकेनिकल) में उत्तीर्ण किए, इंजीनियर समर्थ द्वारा इस सफलता के लिए श्रेय तथागत बुद्ध,बोधिसत्व डा.बाबासाहेब आंबेडकर एवं सभी महापुरुषों की प्रेरणा,सभी गुरुजन, वरिष्ठ, माता पिता का आशीर्वाद तथा निरंतर अभ्यास को दिया गया है। विदित हो कि इंजीनियर समर्थ दि बुद्धिस्ट सोसायटी आफ इंडिया मप्र राज्य शाखा केअध्यक्ष डॉ. चरनदास ढेंगरे के छोटे सुपुत्र हैं,जो बचपन से मेघावी रहे।इनके चयन होने पर धम्म संस्था दि बुद्धिस्ट सोसायटी आफ इंडिया,समस्त आंबेडकर बौद्ध समाज,परिवार,सभी स्नेही साथियों में हर्ष की लहर व्याप्त हैं।इनकी सफलता पर संस्था के धर्मेंद्र कुरील पूर्व प्रदेश सचिव,प्रदेश उपाध्यक्ष हेमलता डोंगरे,आरके कटाने प्रदेश सचिव,राजकपूर कामडे प्रदेश सचिव,अशोक कुमार मेश्राम जिलाध्यक्ष,महेश सहारे प्रदेश अध्यक्ष आदिवासी गोवारी समाज बालाघाट एवं सभी पदाधिकारी,प्रमिला चौहान कोषाध्यक्ष, जिला उपाध्यक्ष खुशियाल मेश्राम, देवानंद रंगारे-शैलेश सुखदेवे, जिला सचिव एनके मेश्राम,केके भालाधारे,आरडी देशभरतार,जिला शाखा एवं सभी तहसील शाखाओं के सभी पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया है।





## अवकाश के दिनों में भी खुले रहेंगे पंजीयन कार्यालय

**बालाघाट।** दस्तावेजों के पंजीयन में जनसामान्य की सुविधा और राजस्व को दृष्टिगत रखते हुये राज्य शासन ने होली के अवकाश को छोड़कर माह मार्च में शनिवार और रविवार सहित सभी सार्वजनिक अवकाश के दिनों में पंजीयन कार्यालयों को खुले रखने के आदेश दिये हैं। शासन द्वारा जारी आदेशानुसार बालाघाट जिले में भी मार्च माह में होली के अवकाश को छोड़कर शनिवार और रविवार सहित सभी सार्वजनिक अवकाश के दिनों में शासकीय कार्य एवं दस्तावेजों के पंजीयन के लिये जिला पंजीयक कार्यालय और उप पंजीयक कार्यालय खुले रहेंगे।

## राष्ट्रीय साहित्य एवं पुरातत्व संस्थान ने किया सम्मान

# विद्यासागर मानद उपाधि से डॉ. रमेश सेवलानी सम्मानित

### दूरस्थ आदिवासी अंचलो में निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा देकर डॉ. सेवलानी कर रहे मानवसेवा



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** दो सौ से ज्यादा ग्रामीण और आदिवासी अंचलो में कैंपो के माध्यम से स्वास्थ्य सुविधा देकर सामाजसेवा कर रहे डॉ. रमेश सेवलानी को विद्यासागर मानद उपाधि से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह सम्मान, बालाघाट में इतिहास एवं पुरातत्व संस्थान के 24 वें समारोह में प्रदान किया गया।आपको बताते चले कि गत दिवसइतिहास एवं पुरातत्व शोध संस्थान तथा वीर अकादमी मध्यप्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय साहित्य एवं पुरातत्व का 24 वां समारोह आयोजित किया गया था। जिसमें 15 राज्यों से प्रतिष्ठित पुरातत्व विद्, इतिहास विद्, साहित्य विद्, समाज शास्त्री पहुंचे थे।आपको बताते चले कि जिले के आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ. रमेश सेवलानी, जिले के दूरस्थ और आदिवासी अंचलो में स्वास्थ्य शिविरो के माध्यम से ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहे है। खास बात यह है कि डॉ. सेवलानी, अब तक 221 निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन, अपने खर्च पर निस्वार्थ भाव से कर चुके है। वे, जिले के ग्रामीण और दूरस्थ आदिवासी अंचलो में ना केवल, ग्रामीणों की जांच करते है, बल्कि ग्रामीणो के स्वास्थ्य अनुसार, उन्हें निःशुल्क दवाओं का भी वितरण करते है। आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ. रमेश सेवलानी, ना केवल जिले बल्कि पड़ोसी राज्यो में भी अपने स्वास्थ्य सुविधाओ के नाम से पहचाने जाते है। निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं के माध्यम से निःस्वार्थ भाव से वह पीड़ति मानवता की सेवा में लगे है।

# आशा कार्यकर्ताओं के सम्मान व मानदेय वृद्धि की मांग, विधायक भगत ने सदन में उठाया मुद्दा

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट। परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक मधु भाऊ भगत ने 24 फरवरी 2026 को विधानसभा की कार्य संचालन नियमावली के नियम 267(क) के अंतर्गत सदन में आशा कार्यकर्ताओं से जुड़ा महत्वपूर्ण मुद्दा उठाया। उन्होंने प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था में आशा कार्यकर्ता एवं सुपरवाइजर की भूमिका को "रीढ़" बताते हुए कहा कि ये जमीनी स्तर की कार्यकर्ता 24 घंटे निष्ठा और समर्पण के साथ स्वास्थ्य एवं पंचायत विभाग की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य करती हैं।**

विधायक भगत ने कहा कि टीकाकरण अभियान, मातृ-शिशु स्वास्थ्य, पोषण कार्यक्रम, जनजागरूकता अभियान और विभिन्न शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में आशा कार्यकर्ताओं का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। उनके अथक प्रयासों के कारण ही मध्यप्रदेश स्वास्थ्य सेवाओं के मामले में अन्य राज्यों की तुलना में बेहतर स्थिति में खड़ा है। ग्रामीण अंचलों में जहां स्वास्थ्य सुविधाएं सीमित हैं, वहां आशा कार्यकर्ता ही सरकार और आमजन के बीच सेतु का कार्य करती हैं। इसके बावजूद उन्हें दिया जा रहा मानदेय और प्रोत्साहन राशि अत्यंत कम है। विधायक भगत ने सदन को अवगत कराया कि वर्तमान मानदेय से आशा कार्यकर्ताओं को गंभीर आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बढ़ती महंगाई के दौर में इतनी अल्प राशि में परिवार का भरण-पोषण करना बेहद कठिन हो गया है।

उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा घोषित प्रतिवर्ष 1000 रुपये मानदेय वृद्धि तथा लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के आदेश क्रमांक PHFW/4/3/4/001/2023 का भी उल्लेख करते हुए कहा कि यह घोषणा जमीनी स्तर पर प्रभावी रूप से लागू नहीं हो सकी है। साथ ही आशा कार्यकर्ताओं को शासकीय कर्मचारी का दर्जा देने की मांग भी लंबे समय से लंबित है, जिससे उनमें शासन-प्रशासन के प्रति आक्रोश और निराशा व्याप्त है।

विधायक भगत ने सरकार से मांग की कि आशा कार्यकर्ताओं और सुपरवाइजर्स को उनकी सेवाओं के अनुरूप सम्मानजनक मानदेय दिया जाए, प्रोत्साहन राशि में वृद्धि की जाए तथा लंबित मांगों का शीघ्र निराकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि इन जमीनी कर्मियों का मनोबल मजबूत रहेगा, तभी स्वास्थ्य योजनाएं प्रभावी रूप से धरातल पर उतर सकेंगी और प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था और सशक्त होगी।

# प्रयास बहुउद्देशीय सामाजिक संस्था ने जागरुकता कार्यक्रम का किया आयोजन



**हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।** अंचल की सामाजिक संस्था ₹प्रयास₹ द्वारा जन जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत साइबर क्राइम विषय पर 25 फरवरी को बाजार चौक महकेपार के प्रांगण मे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। सर्वप्रथम अतिथिगणों के द्वारा सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना की गयी, तत्पश्चात उपस्थित अतिथिगणों का संस्था के पदाधिकारियों द्वारा स्वागत-सत्कार किया गया। साथ ही उपस्थित अतिथिगणों ने आये दिन बढ़ते हुए साइबर ठगी के मामलें, मोबाईल के दुरूपयोग एवं अन्य मुद्दों पर अपने-अपने विचार व्यक्त किये।इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता युवचंद सोनवाने सरपंच ग्राम पंचायत महकेपार ने की साथ ही विनोद पंचभाई सदस्य जनपद पंचायत कटंगी, राज राहंगडाले उपाध्यक्ष इनायत साहित्यिक एवं सामाजिक संस्था मिरगपुर, दीपक पुष्पतोड़े संयोजक पठार संघर्ष समिति आंजनबिहरी, दीपक गभने सरपंच ग्राम पंचायत बड़पानी, प्रकाश सोनवाने पूर्व उपाध्यक्ष जनपद पंचायत कटंगी, धीरेन्द्र सोनवाने अध्यक्ष कोहरी समाज संगठन महकेपार, मोरेश्वर बाघमारे स्थाई पटेल महकेपार, धुर्वे जी मुंशी पुलिस चौकी महकेपार, आशीष वासनिक प्रमुख अतिथि के रूप मे उपस्थित रहें। कार्यक्रम आयोजन समिति में संस्था के अध्यक्ष विनोद भूतांगे, उपाध्यक्ष रामकृष्ण परते, कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र गजभिये, सचिव रंजीत भालेराय, संयुक्त सचिव शुभम गेड़ाम, सदस्य महेश धुर्वे व अक्षय खैरे ने उपस्थित सभी अतिथिगणों एवं कार्यक्रम मे आये हुए गणमान्यो का कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु आभार व्यक्त किया।

## आज मोवाडी में संकल्प से समाधान शिविर का आयोजन

**खैरलांजी।**जनपद पंचायत खैरलांजी के अंतर्गत आने वाली ग्राम मोवाडी में आज शुक्रवार 27 फरवरी को संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत शिविर का आयोजन होगा। यह जानकारी नोडल अधिकारी के द्वारा दि गई।शिविर में ग्रामीणो की समस्याओ का समाधान व निराकरण होगा एंव शासकीय योजनाओ की जानकरी दि जायेगी। यह शिविर ग्राम पंचायत कार्यालय के परिसर में आयोजित किया जाएगा। उक्त शिविर में विविध विभाग के पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।शिविर में सेक्टर के अंतर्गत आने वाली करीब 10 ग्राम पंचायते सम्मिलित होगी। जिसके रोजगार सहायक व सचिव सहित ग्रामीण मौजूद रहेंगे।

## भूतपूर्व नपा अध्यक्ष धवल मॉडल के निवास पर जाकर की सौजन्य भेंट, कांग्रेस कार्यकर्ताओं को किया संबोधित

# सिंधिया को कांग्रेस से सब कुछ मिला, फिर भी विधायक लेकर गए - दिग्विजय सिंह

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** ज्योतिरादित्य सिंधिया को कांग्रेस से सब कुछ मिला, उसके बावजूद वह पार्टी छोडक़र चले गए, अपने साथ विधायकों को भी ले गए। इसमें राशि का बॅटवारा हुआ करोड़ों में। इस आशय के उद्गार मध्यप्रदेश के भूतपूर्व मुख्यमंत्री व राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने कांग्रेस जनसंपर्क कार्यालय वारासिवनी में 26 फरवरी को पत्रकार वार्ता में पूछे गए एक सवाल के जवाब में व्यक्त किए।



मध्यप्रदेश के भूतपूर्व मुख्यमंत्री व राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह का वर्षो बाद वारासिवनी आगमन हुआ। अपने व्यक्तिगत संबंधों को अत्यधिक तवज्जो देने वाले दिग्विजय सिंह इसके पहले भी नगरपालिका परिषद वारासिवनी के भूतपूर्व अध्यक्ष व कांग्रेस नेता धवल मॉडल व उनके परिवार से व्यक्तिगत संबंधों की वजह से वारासिवनी आए थे और आज भी वह श्री मॉडल से व्यक्तिगत संबंधों के कारण ही वारासिवनी आए।

बालाघाट से वारासिवनी आने के बाद वह सबसे पहले श्री मॉडल के परिवार के नेहरु चौक पर स्थित नेशनल साईकिल स्टोर्स में गए और फिर वहॉ से वह नगर के कसारी मोहल्ले में स्थित धवल मॉडल के निवास स्थान पर गए। जहॉ पर उन्होंने श्री मॉडल के परिवार के साथ कुछ समय गुजारा और उनके पुत्र के गत दिनों हुए आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उनकी कुशलक्षेम पूछी।

उसके बाद वह वापस विधायक विवेक पटेल के जनसंपर्क कार्यालय पहुॅचे। श्री सिंह के साथ जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष व विधायक संजय उइके, बालाघाट विधायक अनुभा मुंजारे, जिला पंचायत बालाघाट अध्यक्ष सम्राट सिंह सरसवार, पूर्व सांसद बोधसिंह भगत, विधानसभा पूर्व उपाध्यक्ष व पूर्व विधायक हीना कावरे सहित अन्य नेतागण भी कांग्रेस कार्यालय पहुॅचे।

जहॉ पर श्री सिंह ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर क्षेत्र में कांग्रेस की स्थिति और विधायक के कार्यो के बारे में जानकारी ली। इसके साथ ही उन्होंने कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए क्षेत्र, जिले व प्रदेश में कांग्रेस को मजबूत करने के लिए लगातार प्रयासरत रहकर जनता से जुडऩे का आव्हान किया। उन्होंने आजादी की लड़ाई में वारासिवनी के नागरिकों के योगदान को भी याद किया।

इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से भी मुलाकात की और खुले मन से उनके सवालों के जवाब दिए। पत्रकारों से चर्चा करते हुए सांसद दिग्विजय सिंह ने कहा कि बहुत दिनों से मै बालाघाट नहीं आया था। बालाघाट से मेरे बहुत अच्छे संबंध रहे है। मै पूर्व विधायक हीना कावरे के भाई पंकज की शादी में नहीं आ पाया था, इसीलिए किरनापुर गया था। वहीं वारासिवनी में धवल माडल के बड़े पुत्र के निधन के बाद मै उनसे नहीं मिल पाया था, इसीलिए उनके परिवार से मिलने आया था। यह मेरा पूर्णतः पारिवारिक व व्यक्तिगत दौरा है। इसके साथ ही कार्यकर्ताओं से कांग्रेस संगठन के बारे में चर्चा भी करने आया था।

उन्होंने पत्रकारों के विभिन्न सवालों के जवाब में कहा कि नए लोगों को हमेशा मौका मिलना चाहिए, इसलिए मैं राज्यसभा में नहीं जाना चाहता। जब भी पार्टी मुझे जो आदेश करेगी, वही काम मै करूंगा। लाड़ली बहना योजना के बारे में उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार एक हाथ से पैसे निकाल रही है और दूसरे हाथों से बॉट रही है। कमलनाथ जी की सरकार के समय 100, 200 या अधिकतम 300 रुपए बिजली बिल आता था। मगर आज हजारों रुपए का बिल आ रहा है। किसानों के बिजली बिल की कीमत हमेशा बढ़ती जा रही है। कृषि उपज का मूल्य कम होता जा रहा है, खरीदी नहीं हो रही है। भाजपा झूठे प्रचार तंत्र चलाना जानती है। लाडली बहन योजना कांग्रेस पार्टी की थी, मगर हम लागू नहीं कर पाए।

उन्होंने ज्योतिरादित्य सिंधिया के पाला बदल लेने के बारे में कहा कि वह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता थे। उन्हें कांग्रेस पार्टी में सब कुछ मिला, जो राशि का बॅटवारा हुआ करोड़ों में, उसमें सिंधिया के साथ कुछ विधायक चले गए। उनके द्वारा राजनीतिक मंच पर नहीं बैठने की शपथ लेने और फिर भोपाल में मंच पर बैठने के सवाल पर उन्होंने कहा कि वह पब्लिक मीटिंग थी और राष्ट्रीय अध्यक्ष जी आए हुए थे, इसीलिए कार्यकर्ताओं के साथ वहॉ मंच पर बैठना उचित था।